विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के 1-शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-26 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 26 (क)- क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-मथुरा के ग्राम-झोपड़ी, पोस्ट कुंम्हा ब्लाक-राया में नाली की समुचित व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है? | जी हां।<br>निदेशक, पंचायती राज के पत्र दिनांक 14.09.2022 द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम-झोपड़ी में सड़क का निर्माण बिना नाली के लोक निर्माण विभाग, निर्माण-खण्ड प्रथम मथुरा द्वारा किया गया है। सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण हेतु मौके पर जमीन उपलब्ध नहीं है। सड़क को दोनों ओर किनारों से तुड़वाकर नाली निर्माण कराये जाने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, मथुरा के कार्यालय पत्र दिनांक-13.09.2022 द्वारा अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण-खण्ड प्रथम मथुरा को पत्र प्रेषित किया गया, तत्क्रम में अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण-खण्ड प्रथम द्वारा अवगत कराया है कि ग्रामों में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के किनारे नाली का निर्माण कार्य नहीं कराया जाता है। यदि ग्राम पंचायत सड़क को किनारों से तोड़कर नाली का निर्माण कराती है तो लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड प्रथम को कोई आपत्ति नहीं है। |
| (ख) यदि हां, तो उक्त स्थान पर कब तक नाली का निर्माण करा दिया जायेगा ? | ग्राम-झोपड़ी में सड़क को किनारे से तोड़कर नाली का निर्माण कराने हेतु ग्राम पंचायत शिवली द्वारा सप्लीमेन्ट्री कार्ययोजना में कार्य को सम्मिलित करते हुए प्राक्कलन तैयार करा लिया गया है। लोक निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया है। प्रधान एवं सचिव द्वारा अवगत कराया गया है कि सड़क को किनारे से तोड़कर नाली का निर्माण कार्य अति शीघ्र करा लिया जाएगा। |

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री।